हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 13 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 21. 0 डिग्री

नशे के दुष्परिणाम एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में दी गई जानकारी 4




## खबर संक्षेप

### लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के पद पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 29 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई. एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया था। प्राप्त दावा-आपत्ति का चयन समिति द्वारा जांच उपरांत दावा-आपत्ति निराकरण एवं कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को सूची जारी किया गया है। जिसका कौशल परीक्षा 29 अप्रैल दोपहर 12 बजे से ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आरसेटी) जांजगीर में आयोजित किया गया। उक्त सूची जिला पंचायत-जांजगीर-चांपा के सूचना-पटल एवं जिला पंचायत के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### विभिन्न स्थानों पर लगेगा प्लेसमेंट कैंप, सैकड़ों पदों पर होगी भर्ती

**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 22 अप्रैल को, जनपद पंचायत डभरा में 23 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत सक्ती में 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शासकीय आईटीआई मालखरौदा में 25 अप्रैल, शासकीय आईटीआई जैजैपुर में 27 अप्रैल तथा शासकीय आईटीआई डभरा में 28 अप्रैल को भी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निर्धारित किया गया है।

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2026 में लिया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदन बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता, फार्म निःशुल्क एवं संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदंड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

### लू से बचाव के लिए आमजन से सतर्क रहने की अपील

**जांजगीर-चांपा।** स्वास्थ्य विभाग ने ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ बढ़ते तापमान को देखते हुए हीट स्ट्रोक (लू) से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां जारी की हैं। सीएमएचओ ने बताया कि हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति है, जिसमें शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है और समय पर उपचार न मिलने पर यह जानलेवा भी हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी, छाछ और ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग के ढीले एवं सूती कपड़े पहनने, बाहर निकलते समय सिर को टोपी, गमछा या छाता से ढकने तथा खाली पेट घर से बाहर न जाने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं का ध्यान रखने, वाहन में बच्चों या पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ने की भी हिदायत दी गई है। हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार (40 डिग्री सेल्सियस से अधिक), सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, घबराहट, त्वचा का लाल व सूखा होना तथा बेहोशी शामिल हैं।

---

जिला बनने के 27 साल बाद भी नहीं सुधर पाई व्यवस्था

# संकरे चौराहे और पार्किंग सड़कों पर जिला मुख्यालय में आवागमन दूभर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर की ट्रेफिक व्यवस्था बदहाल है। बढ़ती आबादी के साथ ही यातायात का दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन इसके मुताबिक व्यवस्था नहीं हो पा रही है। शहर के चौक चौराहों की चौडाई कम है। मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे व्यापारियों का कब्जा है। सड़कों पर ही वाहनों की पार्किंग हो रही है। यातायात पुलिस और नगर पालिका प्रशासन व्यवस्था बनाने में नाकाम है।

जांजगीर चाम्पा जिले का गठन 25 मई 1998 को किया गया और जांजगीर जिला मुख्यालय बना। जिला बनने के दो दशक से अधिक समय गुजरने के बाद भी जांजगीर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधरने की बजाए दिन-ब-दिन बदहाल होती जा रही है। शहर की आबादी 50 हजार को पार कर चुकी है। इसके साथ ही वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। वहीं जिला मुख्यालय होने के नाते प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिलेभर से लोग अपना काम लेकर पहुंचते हैं। अब शादी का सीजन भी आ गया है। शादी और त्यौहार के सीजन में शहर की ट्रेफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। शाम के समय जाम लगना आम बात हो जाती है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहे संकरे हैं, जिससे वाहनों का दबाव बढ़ते ही जाम की स्थिति बन जाती है। नेताजी चौक और कचहरी चौक में ट्रेफिक सिग्नल तो लगाया गया है, लेकिन यह भी कभी जलता है तो कभी बंद रहता है। पूर्व में लगाए गए सीसी टीवी कैमरे भी बंद हो चुके हैं। वहीं मुख्य मार्गों पर सड़कों के किनारे व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो गई है। पार्किंग की उचित व्यवस्था का अभाव स्थिति को और गंभीर बनाता है। शहर में कहीं भी व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण लोग सड़कों पर ही वाहन खड़े करने को मजबूर हैं।



शहर के हृदय स्थल कचहरी चौक के पास सड़क पर वाहनों की पार्किंग।

### शहर में महसूस हो रही अभियान की जरूरत


बढ़ती आबादी के साथ ही जागरूकता की कमी और सड़क पर बढ़ते दबाव के कारण शहर की ट्रेफिक व्यवस्था चरमराने लगी है। बेतरतीब पार्किंग और अव्यवस्था का खामियाजा आम जनता को रोजाना जाम और दुर्घटनाओं के खतरे के रूप में भुगतना पड़ रहा है। समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस और नगर पालिका प्रशासन इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। वहीं कुछ लोग ट्रेफिक सेंस की कमी और नियम के उल्लंघन को भी बिगड़ती व्यवस्था का जिम्मेदार मान रहे हैं। लोगों का कहना है यदि जल्द ही ट्रैफिक प्लानिंग, अतिक्रमण हटाने और पार्किंग व्यवस्था को लेकर ठोस पहल नहीं की गई तो आने वाले समय में हालात और भी बदतर हो सकते हैं।

### चलाएंगे अभियान

शहर में सड़कों पर आवागमन को व्यवस्थित करने यातायात पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रुप से अभियान चलाया जाएगा। मुख्य मार्गो के किनारे अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर विधिवत कार्रवाई भी की जाएगी। इसके लिए नोटिस देने का कार्य शुरु भी कर दिया गया है।

**-विक्रम भगत,** सीएमओ
नगर पालिका जांजगीर-नैला

### चिलचिलाती धूप में प्रतिदिन ट्रैफिक जाम पर लंबे समय तक फंसने की मजबूरी




**अकलतरा।** नगरवासियों को आजकल भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप में लंबे समय तक ट्रैफिक जाम में फंसकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात की सर्वाधिक समस्या शास्त्री चौक एवं स्टेशन रोड में दिखाई पड़ती है जहां सड़क के दोनों और दुकानदारों के द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर अपनी दुकानों को आगे सड़क तक बढ़ा दिया गया है। उसके ऊपर से ठेले वाले एवं अन्य छोटी दुकान करने वाले सड़क के ऊपर अपनी दुकान लगाते हैं। शास्त्री चौक के चारों ओर फल वालों का कब्जा है तो शास्त्री चौक से आर के सिंह परिसर तक ऑटो वाले सड़क पर डेरा जमाए रहते हैं। वहीं पोस्ट ऑफिस के सामने माल वाहक गाड़ियों का जमावड़ा रहता है। इन सबके बाद रही सही कसर बिलासपुर ,रायपुर एवं अन्य स्थानों से समान लाद कर लाने वाली बड़ी गाड़ियां निकाल देती है जो बार-बार समझाए जाने के बाद भी दुकानों के सामने ही गाड़ी अनलोड करते हैं। नगर के व्यापारियों की समस्याओं को उठाने के लिए छत्तीसगढ़ चैंबर्स आफ कमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई , किराना व्यापारी संघ, जनरल स्टोर्स व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ, ऑटो पार्ट्स व्यापारी संघ सहित नगर के अन्य व्यापारिक संगठन सक्रिय नजर आते हैं लेकिन नगर वासियों के इस मूलभूत समस्या को लेकर उनकी ओर से कोई पहल होता दिखाई नहीं पड़ता है। स्टेशन रोड में ट्रैफिक जाम का एक बड़ा कारण ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्केट में अव्यवस्था है।

---

# आगजनी से निपटने जिले को तीन दमकल का सहारा

## उद्योगों के भरोसे जैसे-तैसे चलाया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में तीन दमकल वाहनों के भरोसे ही आगजनी से निपटने काम चलाया जा रहा है। पर्याप्त संख्या में वाहन नही हो पाने के चलते आगजनी की घटना होने पर उद्योगों से फायर बिग्रेड वाहन मंगाना पड़ता है। कभी कभी तो इस तरह की घटना सामने आने पर काफी मशक्कत भी करनी पड़ती है। वहीं वाहन समय पर नही पहुंच पाने के चलते लोगों को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है।

गौरतलब है कि गर्मी बढने के साथ साथ जिले में आगजनी की घटना भी बढ़ रही है। कुछ महीने पहले ही नगर पंचायत बलौदा मे आगजनी की घटना के चलते ही दो लोगो की मौत का मामला सामने आ चुका है। वहीं बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत जर्वे में आगजनी की घटना के कारण एक किसान के कोठार में रखे पैरे में आग लग गई । इस मामले में दमकल के पहुंचने में हुई देरी के कारण किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ा। इसी प्रकार गर्मी के दिनो में पामगढ़, अकलतरा, नवागढ एवं बम्हनीडीह क्षेत्र में भी आगजनी के कई मामले सामने आ चुके है। जांजगीर चाम्पा जिला प्रदेश में सबसे अधिक घनी आबादी वाला माना जाता है। जिले में महज तीन दमकल वाहनो के भरोसे ही आगजनी से निपटने काम चलाया जा रहा है। जांजगीर शहर में दो दमकल वाहन एवं नगर पालिका परिषद चाम्पा में एक फायर बिग्रेड वाहन की व्यवस्था है। इसके बाद पालिका परिषद जांजगीर नैला के एक दमकल वाहन को अग्निशमन विभाग के पास दे दिया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद अकलतरा में रखा दमकल वाहन काफी लंबे समय से बिगड़ा पडा है। ऐसे में आगजनी से निपटने लोग पीआईएल, जेएसडब्लू,आरसमेटा ,शांती पावर प्लांट समेत अन्य उद्योगों पर निर्भर रहते है।



### सक्ती जिले का दमकल वाहन भी यही खड़ा

नगरी प्रशासन विभाग के द्वारा आगजनी की घटना से निपटने के उदेश्य से सक्ती जिले के लिए दो दमकल वाहनो की व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन हैंडओवर एवं अन्य कारणो के चलते इन वाहनो को सक्ती जिले के लिए नही भेजा जा सका है। ऐसे में परेशानी तो वहां रहने वाले लोगो को हो रही है। आगजनी की घटना सामने आने पर ग्रामिणो को फायर बिग्रेड के लिए उद्योगों की तरफ देखना पड़ता है। वहीं वाहनो की कमी के चलते किसी तरह की घटना सामने आने पर परेशानी होती है।

### वाहन चालको की भी कमी

अग्नि शमन वाहन विभाग दमकल वाहनों की कमी से जूझ रहा है। वही दुसरी ओर विभाग के पास जो दमकल वाहन है, उन्हें भी आपरेट करने के लिए स्टाफ की कमी बनी हुई है। दमकल वाहन के लिए कर्मचारियो की ड्यूटी 24 घंटे रहती है। आगजनी के मामले सामने आने के दौरान कर्मचारियो को दमकल के साथ तुरंत निकलना पडता है, लेकिन वाहन चालको की समुचित व्यवस्था तक नहीं है, जिसके कारण इस तरह के मामले सामने आने पर विभाग के कर्मचारी मौके पर नही पहुंच पाते।

### किया गया पत्राचार

जिले में जो दमकल वाहन है उन्ही के माध्यम से काम चलाया जा रहा है। आगजनी के मामले सामने आने टीम भेजकर आग बुझाने का काम कराया जाता है। स्टाफ की कमी को लेकर जानकारी भेजी गई है। उनके आदेश के अनुसार आगे की कार्यवाही होगी।

-योगिता साहू,
जिला नगर सेनानी, जांजगीर-चांपा

---

# उस्लापुर ओव्हरब्रिज के नीचे संदिग्ध अवस्था में मिली नगर के युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

तीन दिन पहले घर से नगर के एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसलापुर ओवर ब्रिज के नीचे मिला।

नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी 34 वर्षीय रवि विश्वकर्मा की उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। उसके आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान करने में पुलिस को अकलतरा निवासी होने की जानकारी मिली। मिली जानकारी के अनुसार रवि विश्वकर्मा 10 मार्च को जेल से रिहा होकर घर लौटा था। बताया जाता है कि बलौदा रोड़ पर पुराने रेलवे फाटक के पास पान मसाला बेच कर जीवन यापन करने वाले रवि के पास से पुलिस ने शराब जप्त की थी जिसमें कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजा गया था। घर आने के दो तीन दिन बाद से ही वह मानसिक रूप से परेशान नजर आने लगा। बताया जा रहा है कि जमानत अन्य कार्यों में उसके काफी पैसे लग गए थे। इसी बात को लेकर वह परेशान था। 5 अप्रैल को रवि घर से यह कहकर निकला कि वह पैसों का जुगाड़ करने जा रहा है। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। पुलिस थाना सिविल िबलासपुर से 11 अप्रैल की सुबह उसके घरवालों को फोन पर सूचना दी गई कि रवि विश्वकर्मा की मौत हो गई है। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद डॉक्टरों ने जहर सेवन से मौत होने की आशंका जताई है। फिलहाल सिविल लाईन पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर शव 11 अप्रैल की शाम परिजनों को सौपा गया जिसका रविवार की सुबह अंतिम संस्कार किया गया।

# शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा।** शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार योगेश कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी सेमरिया थाना बिर्रा के द्वारा पीड़िता को शादी करने का प्रलोभन देकर अनाचार किया गया। पीड़िता शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने टालमटोल करते हुए मना कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 69 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया। पुलिस ने आरोपी को घेरा बंदी कर सेमरिया से पकड़ा। हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी योगेश कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया। कार्यवाही मे थाना प्रभारी बिर्रा जयकुमार साहू, नरेंद्र शुक्ला, तीजराम जांगड़े, रघुवीर यादव, तेरस राम साहू, दीपक तिवारी, लक्ष्मी नारायण कश्यप व स्टाफ का योगदान रहा।

# कॉम्बिंग गश्त कर एक ही रात में 90 फरार वारंटियों की धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

जिले में कानून- व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा शनिवार की रात कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान लम्बे समय से फरार 90 वारंटियों को अलग - अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया। सभी थानों से अलग अलग तीन- चार टीम बनाकर धरपकड़ कार्रवाई की गई।

विशेष अभियान के दौरान डकैती के मामले में फरार चल रहे 2 स्थाई वारंटियों को भी थाना बलौदा पुलिस द्वारा पकड़ा गया। वहीं लूट, चोरी, महिला एवं बच्चों संबंधी अपराधों में कुछ फरार आरोपी भी पकड़े गए। कोतवाली पुलिस ने 5 असामाजिक तत्वों को पकडकर कार्रवाई की। अभियान के दौरान थाना जांजगीर पुलिस द्वारा 4 गिरफ्तारी वारंटी एवं 4 स्थाई वारंटी, चौकी नैला से 2 गिरफ्तारी एवं 3 स्थाई वारंटी, थाना बलौदा से 7 स्थाई वारंटी एवं 2 गिरफ्तारी, थाना अकलतरा 4 गिरफ्तारी वारंटी एवं 18 स्थाई वारंटी, थाना मुलमुला 7 स्थाई वारंटी, थाना पामगढ़ 8 स्थाई वारंटी, थाना शिवरीनारायण 7 स्थाई वारंटी, थाना बम्हनीडीह 3 गिरफ्तारी वारंटी एवं 1 स्थाई वारंटी, थाना सारागांव 7 गिरफ्तारी एवं 1 स्थाई वारंटी, थाना चांपा 3 स्थाई वारंटी एवं 3 गिरफ्तारी वारंटी, चौकी पंतोरा 1 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा गया। इस प्रकार पुलिस टीमों ने 29 गिरफ्तारी वारंटी एवं 61 स्थायी वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

**अवैध शराब से साथ पकड़े गए आरोपी-** वारंटियों की धरपकड़ अभियान में पुलिस सहायता केंद्र रहौद के प्रभारी रामप्रसाद बघेल के नेतृत्व में पुलिस द्वारा एक आरोपी को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी दुकालू धनुहार निवासी धनुहार डेरा पकरिया के कब्जे से 85 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसी प्रकार बिर्रा थाना प्रभारी निरीक्षक जयकुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस द्वारा आरोपी सुरेन्द्र कश्यप निवासी पेंडरी थाना हसौद के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।




पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए वारंटी।

---

## महिला आरक्षण विधेयक पर भाजपा महिला मोर्चा ने की पत्रकार वार्ता

# देश की उन्नति के लिए नीति निर्धारण में बढ़ेगी नारी शक्ति की भागीदारी : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देश और प्रदेश की उन्नति के लिए नीति निर्धारित करने में अब नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ेगी। महिला आरक्षण विधेयक से महिलाओं को राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। विधानसभा और लोकसभा में महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ेगी, जिससे महिला केंद्रित नीतियों को मजबूती मिलेगी।

ये बाते जांजगीर चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। बीजेपी महिला मोर्चा ने रविवार 12 अप्रैल को सर्किट हाउस में महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की। इस मौके पर सांसद कमलेश जांगड़े ने नारी शक्ति वंदन की चर्चा करते हुए बताया कि महिला आरक्षण बिल 16 अप्रैल से होने वाले लोक सभा के विशेष सत्र मे पारित होने वाला है। सांसद ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह ऐतिहासिक कदम उठाया है। महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने के बाद ग्राम सभा से विधानसभा और लोक सभा मे पहुंच कर देश की प्रगति के लिए नीति निर्धारण भी करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष सत्य लता आनंद मिरी ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लगातार देश मे राज किया और इंदिरा गांधी महिला प्रधानमंत्री भी बनी, लेकिन महिलाओ के आरक्षण के लिए कुछ नहीं हो सका। अब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ना केवल महिलाओ का सम्मान बढ़ाया है बल्कि देश के विकास मे महिलाओ कि भागीदारी बढ़ाई है। उन्होंने महिलाओं के लिए स्वर्णिम युग बताते कहा कि राजनीति में नारी शक्ति की आने वाले दिनों में भागीदारी बढ़ने वाली है। इस मौके पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल और भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोषी सिंह समेत महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।




पत्रकारों से चर्चा करती सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े।

### महिलाओं के लिए आरक्षित होगी एक तिहाई सीट

महिला आरक्षण बिल के बाद नए परिसीमन से होने वाले आगामी चुनाव में महिलाओं के लिए सीधे तौर पर एक-तिहाई सीट आरक्षित होगी। आने वाले समय में राजनीतिक परिदृश्य बदला बदला सा नजर आएगा। अब विधानसभा और लोकसभा में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ेगी। नए परिसिमन के बाद 2028 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव में सीट बढ़ेगी। वहीं महिला जनप्रतिनिधियों को इन सीटों पर 33 प्रतिशत का आरक्षण मिलेगा। इसे लेकर जांजगीर चाम्पा जिले की महिला नेत्रियों में उत्साह देखा जा रहा है। महिलाओं के लिए अवसर में बढ़ोतरी होगी, जिससे नारी शक्ति को सीधा लाभ मिलेगा। आगामी चुनाव में महिलाएं विधायक और सांसद की कुर्सी पर काबिज होने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाएंगी।



पकड़े गए चोरी के आरोपी।

# किराना दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रात्रि में किराना दुकान में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमचंद रात्रे ने 12 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अप्रैल की देर रात्रि लघुशंका के लिये उठा। इस दौरान दुकान की ओर से आवाज आने पर वह देखा तो दुकान का दरवाजा खुला था। इसी दौरान दुकान के अंदर से कुछ लड़के निकल कर भाग रहे थे। अंदर जाकर गल्ला को चेक करने पर उसमें रखा 4 हजार रूपये गायब था। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के ही विकास रात्रे और अनुराग जोगी को पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद जुर्म स्वीकार किये जाने से गिरफ्तार कर दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### धान उठाव में प्रदेश में जिला अव्वल दर्ज की शून्य प्रतिशत शॉर्टेज

**कोरबा।** जिले ने धान खरीदी और उठाव के क्षेत्र में प्रदेश में एक मिसाल कायम की है। खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान जिले ने शून्य प्रतिशत शॉर्टेज (शून्य कमी) के साथ शत-प्रतिशत धान उठाव का लक्ष्य हासिल कर छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले के सभी 65 उपार्जन केंद्रों में पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए कुल 27 लाख 47 हजार 101.2 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। प्रशासन की सक्रियता और मिलरों के साथ बेहतर समन्वय का ही परिणाम है कि खरीदे गए पूरे धान का सफल उठाव कर लिया गया है और वर्तमान में केंद्रों में शेष धान की मात्रा शून्य है। खरीदी नोडल खाद्य विभाग के अधिकारी श्री जी एस कंवर ने बताया कि कोरबा जिले के 65 केंद्रों के माध्यम से कुल 27 लाख 47 हजार 101.2 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इसमें मोटे धान की मात्रा 27 लाख 39 हजार 630.4 क्विंटल और पतले धान की मात्रा 7470.8 क्विंटल रही। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते इस पूरी मात्रा का शत-प्रतिशत उठाव कर लिया गया है। जिले के प्रमुख केंद्रों जैसे बरपाली में 88 हजार 370.8 क्विंटल भैसमा में 88 हजार 54.4 क्विंटल और नवापारा में 86 हजार 800 क्विंटल धान का उठाव पूर्ण हुआ।

### बाइक सवार युवक गिरे नाले में रेस्क्यू के बाद निकाला गया बाहर

**कोरबा।** शुक्रवार रात डीएम रोड स्थित साईं पैलेस के पास एक खुले नाले में मुड़ापार निवासी बाइक सवार युवक ओम प्रकाश गिर गया। इस हादसे में युवक को चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश अपनी बाइक से डीएम रोड से गुजर रहे थे। साईं पैलेस के समीप अचानक संतुलन बिगड़ने से वे बाइक समेत खुले नाले में जा गिरे। नाला काफी गहरा और दलदल से भरा था, जिससे युवक बाइक सहित उसमें फंस गया और मदद के लिए चिल्लाने लगा। ओमप्रकाश की आवाज सुनकर राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह नाला लंबे समय से खुला पड़ा है और इसकी नियमित सफाई भी नहीं हुई है। नाले की मौजूदा हालत देखकर यह स्पष्ट होता है कि सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है। मोहल्ले वालों ने पहले रस्सी की सहायता से उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन नाले की गहराई और कीचड़ के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इसके बाद लोगों ने एक सीढ़ी मंगवाई। सीढ़ी के सहारे युवक ओम प्रकाश को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

### पार्षद ने गार्डन जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन



**बालको।** वार्ड क्रमांक 39 के अवाला गार्डन के मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का पार्षद तरुण राठौर ने भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम वार्डवासियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बालको मंडल अध्यक्ष दिलेंद्र यादव, आरए नारायण, निखिल मित्तल, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रुनीझा, कृष्णा सोनी, राजेश सोनी सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पार्षद तरुण राठौर ने कहा कि अवाला गार्डन के सौंदर्यीकरण के बाद क्षेत्र के लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को एक बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इससे वार्ड की सुंदरता भी बढ़ेगी और लोगों को एक अच्छा सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सकेगा। श्री राठौर ने कहा कि वार्ड में लगातार विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड की अन्य समस्याओं को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को पत्र देकर अवगत कराया गया है। जैसे ही स्वीकृति प्राप्त होगी, उन कार्यों को भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

### बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**कोरबा।** सिद्धिविनायक अस्पताल में बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के कोर्स डायरेक्टर डॉ. शतदल नाथ ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एयरवे श्वसन रक्त संचार शॉक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें माउथ-टू-माउथ रेस्पिरेशन, चेस्ट कंप्रेशन आदि तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को चोट, फ्रैक्चर, जलन विषाक्तता, बेहोशी सांप के काटने, कुत्ते के काटने आंख एवं कान में बाहरी वस्तु, रोगी परिवहन तथा फर्स्ट एड बॉक्स की सामग्री के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। रेड क्रॉस सोसायटी से राजेंद्र प्रसाद तिवारी, राजेश बागड़िया, योगेश जैन, नितिन चतुर्वेदी, पारस जैन एवं बी.के. धार, डॉ राजीव गुप्ताउपस्थित रहे। इसके अलावा सिटी डेंटल क्लिनिक से डॉ. सरफराज खान एवं डॉ. स्नोबर अंसारी की भी उपस्थित रहे।

# दो सप्ताह से बैरंग लौट रहे उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी में मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गेवरा प्रोजेक्ट स्थित कन्ज्यूमर्स को-ऑपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड में स्थिति उस वक्त अनियंत्रित हो गई जब पिछले पखवाड़ेभर से रसोई गैस की किल्लत झेल रहे सैकड़ों उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा बुकिंग के 15 दिन बाद भी सिलेंडर न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं ने डिजिटल इंडिया के दावों और धरातल की हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करते हुए आरोप लगाए हैं जिनमें उपभोक्ताओं का कहना है कि 15 दिनों से सिलेंडर बुक होने के बावजूद न तो होम डिलीवरी हो रही है और न ही एजेंसी से सिलेंडर मिल रहा है। एजेंसी के सूचना पटल पर स्टॉक या वितरण संबंधी कोई जानकारी साझा नहीं की जा रही है जिससे कर्मचारियों और आम उपभोक्ताओं को अपना काम छोड़कर प्रतिदिन चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप और सूचना पटल पर प्रतिदिन यह स्पष्ट किया जाए कि कितने सिलेंडर आए हैं और किन उपभोक्ताओं को वितरित किए जाएंगे। हंगामे के बीच एजेंसी कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि आर्थिक तंगी के कारण मुख्य डिपो में अग्रिम राशि जमा नहीं हो पा रही है इस वजह से डिपो से पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर लोड नहीं हो पा रहे हैं और मांग व आपूर्ति के बीच एक बड़ी खाई पैदा हो गई है। उपभोक्ताओं की प्राथमिकता सर्वोपरि हाल ही में 7 अप्रैल को हुए चुनावों के बाद नवगठित कमेटी के अध्यक्ष जनाराम कर्ष ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया उन्होंने स्थिति को संभालने का प्रयास करते हुए कहा मेरे कार्यभार संभालने के बाद किसी भी उपभोक्ता को परेशान नहीं होना पड़ेगा गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति और समय पर डिलीवरी मेरी पहली प्राथमिकता है पिछले 10 वर्षों में जो भी खामियां रही हैं उन्हें दुरुस्त किया जाएगा और एक पारदर्शी वितरण प्रणाली लागू की जाएगी। उपभोक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही आपूर्ति सामान्य नहीं हुई और दैनिक अपडेट के लिए रोस्टर प्रणाली शुरू नहीं की गई तो वे प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ और भी आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

**गेवरा प्रोजेक्ट में रसोई गैस की बनी है किल्लत**

**खास बातें**

- नंबर लगाने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर
- एसईसीएल की कॉलोनी में निवासरत कोल कर्मियों का मामला



## प्रबंधन द्वारा तीन किमी लंबी बाउंड्रीवाल का किया जा रहा निर्माण कार्य

# तीन दिन में बाउंड्रीवाल हटाने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको प्रबंधन द्वारा बनाए जा रहे बाउंड्रीवाल निर्माण का विवाद अब गहराने लगा है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम ने बालको प्रबंधन द्वारा निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल मामले में सख्त रुख अपनाते हुए प्रबंधन को नोट जारी कर चेतावनी दी गई है कि तीन दिन के भीतर अवैध रुप से निर्मित बाउंड्रीवाल को स्वयं हटा लिया जाए। समय रहते बाउंड्रीवाल नहीं हटने पर नगर निगम द्वारा बाउंड्रीवाल हटाने व नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**

- स्थानीय ग्रामीणों ने हाई कोर्ट का खटखटाया था दरवाजा, कोर्ट के निर्देश पर निगम ने दिखाई सख्ती

उल्लेखनीय है कि बालको प्रबंधन लगभग 3 किलोमीटर लंबी व लगभग 10 फीट बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा था, इस बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य से बालको के समीप स्थित ग्राम दोंदरो, बेला सहित अन्य गांव के लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामकाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूत्रों की मानें तो यह निर्माण विवादित शासकीय भूमि पर किया जा रहा था और इसके लिए नगर निगम से कोई वैध अनुमति भी नहीं ली गई थी। निगम द्वारा पहले भी इस संबंध में नोटिस जारी किया है। हालांकि बावजूद इसके बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य जारी रहने व बांउड्रीवाल निर्माण का मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद यह मामला और गहराने लगा है।



निर्माण बाउंड्रीवाल।

**तीन दिन के भीतर बाउंड्री हटाने जारी किया नोटिस**

अलग अलग समय पर बालको प्रबंधन द्वारा बांउड्रीवाल का निर्माण किया गया है, 15 साल पहले फिर तीन साल बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था। अभी तक तत्काल में लगभग तीन किमी लंबी व दस फीट ऊंची बाउंड्रीवाल निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा बालको प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा कलेक्टर व निगम आयुक्त को मामले के निराकरण करने का निर्देश दिया गया था। जिसके तहत सुनवाई पूरी कर ली गई है। प्रबंधन को तीन दिन के भीतर बाउंड्रीवाल हटाने का नोटिस जारी किया गया है। तय समय सीमा पर प्रबंधन द्वारा स्वयं बाउंड्रीवाल नहीं हटाने पर निगम द्वारा अपने प्रावधानों के तहत बाउंड्रीवाल हटाने के साथ साथ नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

-**आशुतोष पाण्डेय,** निगम आयुक्त कोरबा

### अखबार वितरक संघ ने सुरेश चंद्र रोहरा की दी श्रद्धांजलि

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा शुक्रवार की सुबह टीपी नगर केंद्र में स्व. सुरेश चंद्र रोहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. रोहरा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सुरेश चंद्र रोहरा न केवल एक समर्पित अखबार वितरक थे, बल्कि वे हमेशा वितरकों के हितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उनके प्रयासों से संघ को मजबूती मिली और वितरकों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि स्व. रोहरा का व्यक्तित्व सरल, मिलनसार और संघर्षशील था। उन्होंने अपने जीवनकाल में अखबार वितरकों के अधिकारों और कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया। जिला सचिव जय कुमार नेताम ने उन्हें संघ का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

# दो दिन में 98 गिरफ्तारी व स्थाई वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



पुलिस गिरफ्त में स्थायी वारंटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के तीनों अनुभागों के अनुभागीय अधिकारियों तथा समस्त थाना व चौकी प्रभारियों के द्वारा स्थायी वारंट व गिरफ्तारी वारंटों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में विभिन्न थाना चौकी के द्वारा 10 व 11 अप्रैल को कोरबा पुलिस द्वारा सघन दबिश अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान 4 स्थायी वारंटी एवं 29 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए, वहीं शनिवार को 17 स्थायी वारंटी एवं 48 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इस प्रकार दो दिन में कुल 21 स्थायी वारंटी एवं 77 गिरफ्तारी वारंटी तामील कर कुल 98 वारंटियों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



# विकास नगर कॉलोनी में गिरा छज्जा, बाल-बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र स्थित विकास नगर कॉलोनी में खदान कर्मियों के आवासों की जर्जर हालत एक बार फिर सामने आई है। एमडी 106 नंबर क्वार्टर का छज्जा मंगलवार को अचानक मिट्टी के ढेर की तरह ढह गया। गनीमत रही कि उसमें रह रहा परिवार बाल-बाल बच गया, लेकिन इस घटना ने कॉलोनी में रहने वाले सैकड़ों परिवारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय रहवासियों के अनुसार विकास नगर कॉलोनी की स्थिति बेहद बदतर हो चुकी है। यहां अक्सर किसी न किसी क्वार्टर का कोई हिस्सा टूटकर गिरता रहता है। छतों से प्लास्टर गिरना, दीवारों में दरारें आना और अब छज्जों का ढहना आम बात हो गई है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि लगभग सभी आवास जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एसईसीएल कर्मी देवा कुमार राउत ने बताया कि आवासों की बदहाली की जानकारी एसईसीएल प्रबंधन को कई बार लिखित में दी जा चुकी है। मरम्मत के लिए आवेदन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज की घटना के बाद कॉलोनी में भारी आक्रोश है। रहवासियों ने कहा कि वे और उनके बच्चे हर दिन डर के साये में जीने को मजबूर हैं। रात में सोते समय भी यह डर लगा रहता है कि कहीं छत या दीवार न गिर जाए। खदान में दिनभर मेहनत करने वाले कर्मियों को घर पर भी सुकून नहीं मिल पा रहा है। हालांकि जिस आवास का छज्जा गिरा है उसका सर्वे आफ हो चुका है। यानी वह रहने लायक नहीं है इसके बावजूद लोग मकानों में रह रहे हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस सेवा पुनः आरंभ



एंबुलेंस का शुभारंभ करते स्वास्थ्य कर्मी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो वर्षों से 108 एंबुलेंस सेवा बंद हो गई थी। जिसकी वजह से क्षेत्र के मरीजों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। निजी व किराए के वाहनों से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना पड़ता था। हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत कुल 22 गांव व 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र आते हैं। मरीजों को बारिश का मौसम हो चाहे गर्मी या ठंडी का मौसम आने-जाने में बड़ी परेशानी हो रही थी अब 108 एंबुलेंस सेवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार जिसका लोकेशन भी हरदीबाजार में सुचारू रूप से चालू हो गया है अब मरीज को 108 एंबुलेंस सेवा के सुचारू रूप से चालू होने से बहुत बड़ी राहत मिली है। एंबुलेंस की मांग संस्था के साथ साथ, ग्रामीणों व क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा था, जो की शासन की योजनाओं के अनुसार एम्बुलेंस स्वीकृती दी गई है। इस मौके पर ग्राम सरपंच लोकेश्वर कंवर, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा श्रीफल तोड़कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युधेश सांडे, डॉक्टर टकेंद्र वर्मा, डॉ सुधा महंत, प्रेमचंद पात्रे, सचिव बिसाहू सिंह राज सहित कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छग विद्युत कंपनियों में पदोन्नति में भेदभाव का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




प्रेसवार्ता को संबोधित करते छग राज्य विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारी संघ।

छग राज्य विद्युत मंडल के आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ पावर कंपनियों पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के साथ पदोन्नति में भेदभाव किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। संघ ने कहा है कि आरक्षण संबंधी नियमों एवं न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है, जिसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

संघ के प्रांतीय महासचिव राजेश बंजारा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि पावर कंपनियों द्वारा पदोन्नति की प्रक्रिया में लगातार असंवैधानिक तरीके अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय के आदेशों की गलत व्याख्या कर केवल सामान्य वर्ग को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिससे एससी-एसटी वर्ग के हजारों अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं। संघ आंदोलन कार्यक्रम के अनुसार 13 से 17 अप्रैल सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में गेट मीटिंग, सामूहिक इस्तीफे के साथ ज्ञापन सौंपना। 20 अप्रैल एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन। 27 अप्रैल अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश के साथ व्यापक आंदोलन किया जाएगा। संघ ने अपनी मांगों में कहा है कि पदोन्नति प्रक्रिया को तत्काल स्थगित कर नए नियम लागू किए जाएं। आरक्षण अधिनियम 1994 के तहत भर्ती व पदोन्नति में रोस्टर प्रणाली लागू की जाए। अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थापना संबंधी 2015 के निर्देशों का पालन हो। संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। विभागीय जांच की समय-सीमा तय कर एक वर्ष में निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। पदोन्नति समितियों में एससी-एसटी प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया जाए। सहित अन्य मांग शामिल हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

**खास बात**

- छग राज्य विद्युत मंडल संघ की प्रेसवार्ता

# धौराभांठा के नवनिर्मित्त राशन दुकान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



दुकान का निरीक्षण करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखण्ड के धौराभांठा गांव में नवनिर्मित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की जायजा लेते हुए संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सोसायटी में उपलब्ध खाद्यान्न के आबंटन और भंडारण की स्थिति की जानकारी ली तथा स्टॉक का मिलान किया। साथ ही उन्होंने ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों को दिए जा रहे राशन वितरण की प्रक्रिया का अवलोकन कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए राशन वितरण की वास्तविक स्थिति जानी और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों और शिकायतों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने दुकान संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए कि वितरण प्रक्रिया नियमित, समयबद्ध और नियमों के अनुरूप हो, ताकि किसी भी हितग्राही को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एसडीएम पाली श्री रोहित सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी

# आस्था बनी सिविल लाईन प्रभारी 8 अधिकारियों का तबादला

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिला पुलिस विभाग में कसावट लाने के उद्देश्य से अधिकारियों का बादला किया है। जारी आदेश के तहत जिले में पदस्थ छह पुलिस अधिकारियों के कार्यस्थल में बदलाव किया गया है। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षु आस्था शर्मा को थाना उरगा से थाना सिविल लाइन रामपुर प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक नवीन पटेल को थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर से थाना प्रभारी उरगा पदस्थ किया गया है। उपनिरीक्षक विनोद सिंह को थाना प्रभारी कुसमुण्डा से चौकी प्रभारी रजगामार पदस्थ किया गया है। उपनिरीक्षक लक्ष्मण खुंटे को चौकी प्रभारी रजगामार से थाना प्रभारी कुसमुण्डा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उरगा प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश तिवारी को पुलिस कंट्रोल रूम (सीसीआर) का प्रभारी बनाया गया है। सहायक उपनिरीक्षक भीमसेन यादव को पुलिस कंट्रोल रूम से थाना कोतवाली स्थानांतरित किया गया है।

जाँजगीर मार्केट

सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार

आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल,सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान

नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे

विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान

सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग

नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडौदा के बाजू मे

प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL

PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज

- हड्डी एवं जोडों का दर्द
- नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग
- स्त्री रोग
- मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग
- मधुमेह (डायबिटीज़)
- नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग
- पेट संबंधी विकार
- थायराइड
- अस्थमा
- मोटापा
- मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के पी आर साहू पुनः बने प्रांता अध्यक्ष




**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ रायपुर की प्रांत स्तरीय बैठक रविवार 12 अप्रैल को नहरिया बाबा रोड तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ कार्यालय में हुई। बैठक का शुभारंभ महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। बैठक में कुल 29 कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से पी आर साहू को पुनःप्रांत अध्यक्ष घोषित किया गया। इसी प्रकार जिला शाखा जांजगीर के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव को सर्वसम्मति से उपप्रांताध्यक्ष घोषित तथा जिला शाखा जांजगीर के सचिव बजरंग लाल साहू को छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 64 66 जिला शाखा जांजगीर का अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में जिला शाखा जांजगीर, कोरबा, रायगढ़ ,बिलासपुर के कर्मचारी पी आर साहू, मनोज कुमार यादव, नितेश कुमार राठौर, सुजान सिंह, श्रीमती पिंकी सिंह, जागेश्वर कहर सूर्यवंशी, चमन लाल वर्मा, सुरेश यादव, मनमोहन पटेल, जागेश्वर यादव, सुखराम कुर्रे, बुधवार सिंह सिदार, ईश्वर देवांगन, बजरंग लाल साहू, आशीष मिश्रा, उदय सिंह उराव, संतोष वर्मा, विजेंद्र पाल सिंह, दीपक सहानी, दीपक सहिस, संतराम मरकाम, शिव दवाई, शोभाराम यादव, विजय कुमार नाग, शब्बीर अंसारी, प्रवीण शर्मा, मदन मोहन गोपाल, मनोज कुमार, गंगा प्रसाद गेंदले, विशाल भारद्वाज, लक्ष्मी प्रसाद सुमन उपस्थित हुए।

### प्रथम ही प्रयास में राष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक परीक्षा किया उत्तीर्ण

**सक्ती।** एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित भोपाल (मध्य प्रदेश) स्थित होटल रेसिडेंसी में राष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं झारखंड से सैकड़ों राज्य स्तरीय



निर्णायकों ने भाग लिया, जिन्हें उनके-अपने राज्य कबड्डी संघों द्वारा चयनित कर भेजा गया था। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के महासचिव प्रदीप यादव के मार्गदर्शन में राज्य के प्रतिभाशाली निर्णायकों को इस परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिला। इसी क्रम में विकासखंड सक्ती के सन्नी उरांव ग्राम पंचायत देवरी एवं दुर्गेश्वरी सिदार सुवाडेरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम ही प्रयास में राष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक परीक्षा परिणाम 10 अप्रैल को घोषित हुआ, जिसमें उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह परीक्षा अपनी कठिनता के लिए जानी जाती है, जिसमें कई प्रतिभागी बार-बार प्रयास के बाद भी सफलता प्राप्त नहीं कर पाते। ऐसे में दोनों का पहले ही प्रयास में सफल होना उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दर्शाता है। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए दोनों ने बताया कि उनके प्रशिक्षक तेजनारायण माधव (अंतर्राष्ट्रीय कोच एवं प्रो कबड्डी टेक्निकल हेड) तथा जगमोहन (पूर्व हेड कोच, तेलुगु टाइटंस) ने उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत बनाया। साथ ही प्रदीप यादव के मार्गदर्शन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें स्थानीय नोडल अधिकारी भुवन श्रीवास एवं टेकचंद पटेल सचिव कब्बडी संगठन सक्ती बाबूलाल चंद्रा अंतराष्ट्रीय निर्णायक शंकर दास वैष्णव का विशेष योगदान रहा। दोनों सफल निर्णायकों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुओं एवं परिवार के सहयोग को दिया है।

### विधायक के प्रयास से नगर सहित क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए मिली करोड़ो रूपए की स्वीकृति

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से जांजगीर-चांपा विधान सभा के



नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान किया गया है। इन कार्यो में प्रमुख रूप से पहुंच मार्गों का उन्नयन कार्य, मजबूतीकरण तथा चैड़ीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधान सभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र के ग्राम बुड़ेना से ग्राम भैंसमुड़ी तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 3.50 करोड़ रूपए, जिला पंचायत मोड़ से ग्राम पेण्ड्री (जांजगीर) पहुंच मार्ग के चैड़ीकरण के लिए 3.98 करोड़ रूपए, जांजगीर नगर के बी.टी.आई. चैक से खोखसा ओव्हरब्रिज तक सड़क में डिवाईडर एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 1.11 करोड़ रूपए, मुख्य मार्ग से बनारी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 700 मीटर के लिए 15.25 लाख, ग्राम बोड़सरा से सिवनी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 53.94 लाख रूपए, जांजगीर बाईपास पास लिंक रोड निर्माण के लिए 78.00 लाख रूपए, जांजगीर-केरा मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य 600 मीटर के लिए 31.75 लाख रूपए, की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त सभी कार्यो की स्वीकृति जिला खनिज संस्थान न्यास मद से दी गई है। इस क्षेत्र के ग्रामीण वर्षो से जर्जर एवं संकरे सड़क के कारण मुसीबतें झेल रहे थे। विधायक ब्यास कश्यप ने जनता की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए इनक कार्यो को स्वीकृति दिलाई है। इन सड़को के निर्माण, चैड़ीकरण एवं मजबूतीकरण से न केवल कनेक्टिविटी सुधरेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## सिऊड़ में 50 महिला कमांडो टीम का किया गया गठन

# नशे के दुष्परिणाम एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम सिऊड में नशा मुक्ति एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नवागढ़ पुलिस द्वारा 50 महिला कमांडो टीम का गठन भी किया गया। नशा मुक्ति एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोगों के बारे में जागरूक किया गया।

पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी नवागढ़ कमलेश सेंडे द्वारा नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम सिउड़ में नशा मुक्ति एवं सायबर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला कमांडो टीम का गठन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अवैध शराब के खिलाफ एवं सायबर अपराध से बचने के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, अंजान लिंक पर क्लिक न करे, ओटीपी शेयर न करे के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। जिले में अवैध शराब, नशा कारोबार एवं सामाजिक अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार लगातार जारी रहेगा।




जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

### सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट और ऐप से ही करें भुगतान

पुलिस ने आम नागरिकों को फर्जी ई-चालान मैसेज और नकली वेबसाइट/एप्लीकेशन के जरिए हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील की है। साइबर अपराधी एसएमएस, व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से फर्जी लिंक भेजकर लोगों को भुगतान के लिए गुमराह कर रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वाहन के लंबित ई-चालान का भुगतान हमेशा केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म जैसे (**https://echallan.parivahan.gov.in/**) या **NextGen mParivahan** ऐप के माध्यम से ही करें। अनजान नंबरों से आए किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें और भुगतान से पहले चालान को आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर जरूर वेरिफाई करें। अनजान नंबर से आए एसएमएस या व्हाट्सएप लिंक पर क्लिक न करें। केवल अधिकृत सेंडर आईडी (बीवी-वाहन-जी, बीटी-वाहन-जी, बीएच-वाहन-जी, बीएम-वाहन-जी, बीजेड-वाहन-जी) से आए मैसेज पर ही भरोसा करें। वेबसाइट या ऐप का उपयोग करते समय उसकी स्पेलिंग ध्यान से जांचें। किसी के साथ अपना ओटीपी साझा न करें, चाहे वह खुद को अधिकारी ही क्यों न बताए। संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर तुरंत भुगतान करने से बचें। पुलिस ने यह भी बताया कि अधिकृत वेबसाइट या ऐप से भुगतान करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगता, जबकि थर्ड-पार्टी प्लेटफॉर्म से भुगतान करने पर अतिरिक्त चार्ज देना पड़ सकता है। अगर धोखाधड़ी हो जाए तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें। अपने बैंक को तुरंत सूचित करें ताकि ट्रांजैक्शन रोका जा सके।

## रामलीला महोत्सव



**अकलतरा।** नगर के स्टेशन रोड स्थित पूर्व राज मंदिर में आयोजित सात दिवसीय रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन राम-रावण युद्ध और रावण वध के सजीव मंचन ने उपस्थित हजारों दर्शकों को रोमांचित कर दिया। युद्ध दृश्य के दौरान पूरे पंडाल में जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे। समापन दिवस पर भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जैसे ही श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या पहुंचे, पूरे नगर में दीप प्रज्वलित कर उनका स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और अयोध्या नगरी को दुल्हन की तरह सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण दीपोत्सव जैसा आलोकित और भक्ति से पूर्ण नजर आया। युद्ध के बाद भगवान राम के राजाभिषेक का भव्य मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

## पोच में बेटियों को मिलेगा कंप्यूटर का निःशुल्क प्रशिक्षण

**बहेराडीह।** आज के वर्तमान समय में हरेक क्षेत्र में कंप्यूटर का ज्ञान बहुत ही जरुरी हो गईं है। इसे देखते हुये ग्राम पोच के किसान परिवार के बेरोजगार बेटियों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने के उदेश्य से किसान बहुददेशीय सहकारी समिति मर्यादित पोच के संचालक अरुण अग्रवाल ने 16 अप्रैल से कंप्यूटर का निःशुल्क प्रशिक्षण वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के सहयोग से आयोजित करने का निर्णय लिया है। किसान बहुददेशीय सहकारी समिति मर्यादित के संचालक अरुण अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण 16 अप्रैल से प्रारंभ होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो माह तक चलेगा, जहां 20 किसान के बेरोजगार बेटियां कंप्यूटर का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। प्रशिक्षण समाप्त होने के दो माह बाद पोच गांव के ही 20 किसान परिवार के लड़कों को कंप्यूटर का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में क़ृषि फॉर्म में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर कामिनी साहू द्वारा दी जायेगी।

## कल्याणपुर में भाजपा ने चलाया ग्राम चलो बस्ती चलो अभियान




**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत "गांव-बस्ती चलो अभियान" के तहत ग्राम कल्याणपुर में रैली एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना एवं किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हितग्राहियों का नारियल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में राजेश्वर पाटले , श्यामा चरण चौधरी, दिनेश दास, अध्यक्ष ईश्वर साहू , विनोद निर्मलकर , आयुष शर्मा , राम श्रीवास , पन्ना साहू, प्रदीप बिस्वास, विमल कौशिक, ओमप्रकाश साहू, हितेश मानिकपुरी, योगेश साहू, रवि निर्मलकर, सरोज टंडन, हर नारायण साहू, शशी साहू, वर्षा तिवारी, संगीता कैवर्त्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

"गांव चलो, घर चलो" अभियान के अंतर्गत सक्ती विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल सक्ती के ग्राम पंचायत देवरमाल में मुख्य अतिथि के रूप में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व

- **ग्राम देवरमाल में "गांव चलो, घर चलो" अभियान के तहत जनसंपर्क कर ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी**

विधायक डॉ खिलावन साहू ने पहुंचकर गांव का भ्रमण एवं जनसंपर्क किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि भूमिहीन मजदूर योजना, नल-जल योजना एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात कर उनके अनुभव भी साझा किए गए । इस अवसर पर सरपंच योगेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष पहलवान दास महंत, महामंत्री विजय जायसवाल, प्रमोद गवेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष लेखराम जायसवाल, नारायण जायसवाल, कौशल सिदार, दरस जायसवाल, जलींधर सिदार, अरुण साहू, इतवारी रोशन सिदार, सुदे राम जायसवाल, भागवत साहू, शंकर लाल, दर्शन सिदार, नरेश, साहेब लाल सिदार, छेदीलाल यादव, नवरतन साहू, लिखु, राजेंद्र, शैल, रवि महाराज, पंकज सिदार, महेश्वर साहू, भूपेंद्र साहू, शिवकुमार, महेतर, दिलेश्वर, दुर्गेश साहू, गणपत सिदार, रामदीन सिदार, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




गांव चलो अभियन के तहत रेली निकालते पूर्व विधायक खिलावन साहू एवं भाजपा कार्यकर्ता।

### छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद कर सुविधाओं एवं समस्याओं की ली जानकारी

**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष आकाश सिंह के निर्देशानुसार 'गांव चलो–बूथ चलो–हॉस्टल चलो' अभियान चलाया गया। इसी



क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा चांपा मंडल अध्यक्ष लव देवांगन के तत्वावधान में चांपा स्थित बालक छात्रावास में संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। छात्रों का मुंह मीठा कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार,नगर मंडल महामंत्री गोपीचंद बरेठ, नगर मंडल उपाध्यक्ष मंगल चंद देवांगन एवं नरेंद्र ताम्रकार, निवर्तमान नगर मंडल अध्यक्ष गणेश श्रीवास, ईश्वर कंसारी, बुनकर प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक संजय देवांगन, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष बजरंग देवांगन तथा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लव कुमार देवांगन उपस्थित रहे

## भीषण गर्मी में आमजन को राहत देने खोला सार्वजनिक प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीजी,स्वर्णिम छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या द्वारा

- **भीषण गर्मी में बाहर निकलते समय पर सिर को ढके एवं ज्यादा से ज्यादा पीये पानी**

भीषण गर्मी में राहगीरों को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सार्वजनिक प्याऊ घर हरियाली हेरिटेज,अकलतरा रोड जांजगीर के पास खोला गया।

लीनेस अध्यक्ष सरिता शर्मा ने कहा कि प्याऊ घर का उद्देश्य है राहगीरों को स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है,यह सेवा 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर पूरे गर्मी के मौसम तक जारी रहेगी। लीनेस सचिव जूही गौरहा ने कहा कि अपने घर के आस पास जीव जंतु एवं पक्षियों के लिए कोटना एवं सकोरा में दाना पानी नियमित रूप से रखे। इस पुनीत कार्य मे सहयोग करे एवं प्याऊ घर का लाभ उठाने की अपील की है। लीनेस कोषाध्यक्ष नामिषा थवाईत ने कहा कि भीषण गर्मी में बाहर निकलते समय सिर ढके,ज्यादा से ज्यादा पानी पिये,नीबू पानी,आमपना,नारियल पानी और छाछ पीये, शरीर को हाइड्रेटेड रखे । इस अवसर में अध्यक्ष लीनेस सरिता शर्मा,सचिव लीनेस जूही गौरहा,कोषाध्यक्ष लीनेस नामिषा थवाईत,उपाध्यक्ष लीनेस कल्पना केशरवानी, लीनेस डॉ मधुलता शर्मा,लीनेस प्राची पाण्डेय,लीनेस गंगा गट्टानी,लीनेस सुनीता गट्टानी,लीनेस डॉ प्रभा साव,लीनेस छवि जैन उपस्थित थे ।




प्याऊघर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लीनेस क्लब के पदाधिकारी व सदस्य।

## प्रतिभाशाली बच्चों एवं जरुरतमंदो को बांटा जनसम्पर्क अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के खेल, शिक्षा एवं समाज सेवा सहित अलग - अलग क्षेत्र से जुड़े लोगो को जनसंपर्क अनुदान राशि वितरित किया । उन्होंने पिछले वर्ष 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में स्थान बनाने वाली पंतोरा निवासी खुशी देवांगन,स्वामी आत्मानंद स्कूल अकलतरा की छात्रा कु.रोशनी जोगी,राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल के छात्र हर्ष श्रीवास,छात्र राहुल दूबे, अकलतरा के 73 वर्षीय धावक परसराम गोंड, अकलतरा के स्नेकमेन कहे जाने वाले राजेंद्र सोनी, मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्र विलसन कुर्रे, गौरव पाटले, संभव धीरही इसी प्रकार क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाडी मो. युसूफ खान, प्रियंका ओग्रे,तानिया केवट, संध्या कुर्रे सहित अलग-अलग विधाओं में पारंगत व गंभीर स्वास्थ्यगत समस्या से जूझ रहें अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के कुल 35 को अनुदान राशि वितरण किया।

विदित हो कि प्रत्येक विधायकों को हर साल जनसम्पर्क अनुदान राशि मिलती है। सामान्यतःहर



विधायक अपने कार्यकर्ताओं व शुभचिंतको में ये राशि वितरण कर देते है किंतु अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह परम्परा से हटकर अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं वास्तविक जरूरत मद लोगों को वितरित किया है। विधायक बनने के बाद विधायक द्वारा शिक्षा,खेल एवं समाज सेवा से जुड़े क्षेत्र के लोगों के उत्साहवर्धन करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। वे लगातार अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहें है।

# दो शब्दों के मेल से बना है रामायण : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धर्म एवं आध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण में रविवारीय को राम कथा का आयोजन हुआ। इसमें राजेश्री महन्त रामसुंदरदास के अतिरिक्त पूर्व मुख्य

- **शिवरीनीरायण मठ मंदिर में रविवारीय रामकथा आयोजित**

न्यायाधीश, पूर्व जिलाधीश सहित अनेक सम्मानित जन परिवार सहित उपस्थित हुए।

जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को शिवरीनारायण मठ में रविवारीय राम कथा का आयोजन हुआ। इसमें रायपुर से पधारे हुए पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीपी शर्मा एवं उनके सहयोगियों का स्वागत महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, ट्रस्ट कमेटी एवं रामायण आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मानस प्रेमियों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि -रामायण दो शब्दों से मिलकर बना है राम + आयन, आयन शब्द को परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि भौतिक शास्त्र में आयन का अर्थ परमाणुओं का समूह है जो विद्युत आवेशित होते हैं।

राम विश्व का पर्याय है, रामायण शब्द का शाब्दिक अर्थ है कि जिसके पढ़ने, सुनने और अध्ययन करने से लोग राम मय हो जाए वही रामायण है। इसके पूर्व राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि राम के नाम की महिमा अनंत है वाल्मीकि जी उल्टा नाम का जप करते हुए ब्रह्म के समान हो गए। उल्टा नाम जपत जग जाना। बाल्मीकि भए ब्रह्म समाना।। लोगों को लोक कलाकार राकेश शर्मा ने भी संबोधित कर आनंदित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से जांजगीर चांपा जिले के पूर्व कलेक्टर बृजेश मिश्रा, अनिल शर्मा, संस्कृति विशेषज्ञ अशोक तिवारी, राव साहब के अतिरिक्त सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, दिनेश दुबे, योगेश शर्मा, दिनेश गोस्वामी, निरंजन लाल अग्रवाल, गंगाराम केवट, भगत राम साहू, राधेलाल जायसवाल, परदेसी राम साहू,कोमल साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक मानस मर्मज्ञ तथा पुरेंद्र सोनी, अंकित दुबे, खगेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मलित हुए। कार्यक्रम का विधिवत संचालन रंगनाथ यादव ने किया। उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा एवं उनके सभी सहयोगी दोपहर में भगवान जगन्नाथ जी के प्रसाद प्राप्त करते हुए श्रद्धालुओं से भी मिले। उन्होंने भी लोगों को भोजन परोसकर समाज सेवा में अपनी सहभागिता निभाई। उन्होंने भगवान शिवरीनारायण का भी दर्शन पूजन किया।



पूर्व मुख्य न्यायाधीश का स्वागत करते सुखरामदास एवं अन्य।





## फिल्म 'मातृभूमि' से नया गाना जारी, नए चेहरे आए नजर...

**मुंबई।** सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर खबरों में छाए हैं। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले अप्रैल, 2026 में रिलीज होनी थी, लेकिन अब रिलीज अगस्त तक आगे बढ़ा दी गई है। इस बीच, अभिनेता ने लोगों में फिल्म का उत्साह बनाए रखने के लिए नया गाना 'मेरा जी नहीं भरा' जारी किया है। हालांकि, इसमें चित्रांगदा सिंह के साथ वह खुद नजर नहीं आए हैं, बल्कि 2 नए चेहरों का परिचय कराया गया है। 'मेरा जी नहीं भरा' गाने को श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। यह गाना 2 नए चेहरों जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया है, जो फिल्म में अहम किरदारों में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# कल्याणी

## मधुबाला की बायोपिक में निभाएंगी लीड रोल

पर्दे पर भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत अदाकारा मधुबाला की जिंदगी को उतारने की तैयारी तेज हो गई है। लंबे समय से चर्चा थी कि फिल्म 'धुरंधर 2' फेम सारा अर्जुन इस बायोपिक में लीड रोल निभाएंगी, लेकिन अब कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आ गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन की जगह अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन के नाम पर मोहर लगा दी गई है। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत करेंगी, जिन्होंने इससे पहले आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा अभिनीत बेहतरीन फिल्म 'डार्लिंग्स' का निर्देशन किया था। प्रोडक्शन हाउस के एक सूत्र ने जूम को बताया कि भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक को भव्य श्रद्धांजलि देने के लिए बनाई जा रही इस फिल्म के निर्माता, कल्याणी को कास्ट करने के लिए काफी उत्सुक हैं। 'लोकाह' की अखिल भारतीय सफलता के बाद कल्याणी निर्माताओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। अभिनेत्री की बढ़ती लोकप्रियता, उनकी स्वाभाविक मासूमियत और पर्दे पर उनके जादू ने उन्हें इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए एकदम फिट बना दिया है। कल्याणी मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेत्री लिजी की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2017 में अखिल अक्किनेनी के साथ फिल्म 'हेलो' से की थी। उन्होंने यूं तो कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों के दिल जीते, लेकिन पिछली बार डोमिनी अरुण की फिल्म ' 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' से वो रातों-रात स्टार बन गई थीं।



### हॉलीवुड मसाला



## टेलर- ट्रैविस की शादी की तारीख तय

**लॉस एंजिल्स।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स के साथ अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबर है कि उन्होंने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं, दोनों ने शादी में शामिल होने के लिए करीबी दोस्तों और परिवार को 'सेव द डेट' निमंत्रण भी भेज दिए हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है।



## 'एक्सट्रैक्शन 3' के साथ वापसी करेंगे हेम्सवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों में 'थॉर' बनकर लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी चर्चित फ्रैंचाइजी फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' की तीसरी कड़ी की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सैम हरग्रेव ने संभाली है, जिन्होंने पहली 2 फिल्मों का निर्देशन भी किया था। पटकथा डेविड वेइल द्वारा लिखी जा रही है। 'एक्सट्रैक्शन 3' के जरिए क्रिस अपने लोकप्रिय किरदार 'टायलर रेक' के साथ वापसी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'एक्सट्रैक्शन 3' के प्रोडक्शन का काम जून, 2026 में शुरू किया जा सकता है। फिल्म की शूटिंग के लिए निर्माताओं ने मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के कुछ हिस्सों की रेकी की है।



## विक्की की 'महावतार' में होंगी शामिल

**मुंबई।** 'स्त्री' फ्रैंचाइजी के निर्देशक अमर कौशिक अपनी महात्वकांक्षी परियोजना 'महावतार' के लिए श्रद्धा कपूर से बाचीत कर रहे हैं। अगर सब कुछ तय हो जाता है तो फिल्म की शूटिंग जून, 2026 से शुरू की जा सकती है। सूत्र ने कहा, श्रद्धा इस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। टीम ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थी जो स्टार वैल्यू और दमदार उपस्थिति ला सके। निर्माताओं को उम्मीद है कि विक्की कौशल के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी।विक्की कौशल के लिए साल 2025 बेहद शानदार साबित हुआ। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने भारत में करीब 800 करोड़ के आसपास कारोबार करते हुए उन्हें सफलता दिलाई। अब फैंस की नजरें अभिनेता की अगली फिल्म 'महावतार' पर टिकी हुई हैं। म



## मां को बचाने एक बेटे की जद्दोजहद...

**मुंबई।** आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत फिल्म 'मर्सी' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिच मिक्स थिएटर में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था। 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है। मितुल पटेल ने 'मर्सी' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। 'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु के संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म है। ट्रेलर शेखर (राज वासुदेवा) की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो अपनी बीमार मां को बचाने के लिए हर जद्दोजहद करता है। बाद में उसे उनके दुखों को दूर करने के लिए एक दर्दनाक फैसला लेना पड़ता है।

### टीवी मसाला



## रामायण का 'कुंभकर्ण', जिसकी मौत पर रोई पूरी दुनिया...

**मुंबई।** टीवी इतिहास के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक रामायण में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपने किरदारों को अमर बना दिया इन्हीं में से एक थे नलिन दवे, जिन्होंने कुंभकर्ण का रोल निभाकर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। उनकी दमदार एक्टिंग का असर ऐसा था कि लॉकडाउन के दौरान जब शो दोबारा प्रसारित हुआ, तो कुंभकर्ण के वध का दृश्य देख लोग भावुक हो उठे। अफसोस की बात यह है कि इतनी लोकप्रियता पाने वाले नलिन दवे आज इस दुनिया में नहीं हैं और महज 50 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

### कुंभकर्ण बनकर मिली अलग पहचान

नलिन दवे मूल रूप से गुजराती फिल्म इंडस्ट्री और थिएटर से जुड़े हुए थे। उन्होंने कई फिल्मों और नाटकों में काम किया, लेकिन जो पहचान उन्हें कुंभकर्ण के किरदार से मिली, वह किसी और प्रोजेक्ट से नहीं मिल सकी। उनके मजबूत शरीर और भारी आवाज ने इस किरदार को जीवंत बना दिया। 'कुंभकर्ण' सिर्फ एक राक्षस नहीं बल्कि समझदार और सच्चाई बोलने वाला भाई भी दिखाया गया, जिसने रावण को कई बार समझाने की कोशिश की। यही वजह रही कि दर्शकों ने इस किरदार को दिल से अपनाया और आज भी उसे याद करते हैं।

### ऐसे शूट हुआ था कुंभकर्ण का वध सीन

रामानंद सागर के निर्देशन में बने इस शो में उस दौर की सीमित तकनीक के बावजूद कमाल के इफेक्ट्स दिखाए गए। लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने खुलासा किया था कि कुंभकर्ण के वध वाले सीन में क्रोमा तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। शरीर के अलग-अलग हिस्सों को दिखाने के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस से हाथ, सिर और धड़ के मोल्ड तैयार किए गए थे। जब तीर लगने का दृश्य फिल्माया गया, तो ये मोल्ड अलग-अलग गिरते हुए दिखाए गए। सिर काटने के सीन के लिए पानी के टैंक और क्रोमा इफेक्ट का सहारा लिया गया। सीमित संसाधनों के बावजूद इस सीन को इतनी बारीकी से शूट किया गया कि आज भी यह दृश्य दर्शकों को भावुक कर देता है।

## रैना के शो 'स्टिल अलाइव' ने मचाया तहलका...

**मुंबई।** चर्चित स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर खबरों में छाए हुए हैं। इसकी वजह यूट्यूब की दुनिया में उनकी धमाकेदार वापसी है, जो साल 2025 में हुए 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। करीब एक साल से ज्यादा वक्त तक स्टैंड-अप कॉमेडी से दूर रहने के बाद रैना ने अपने नए शो 'स्टिल अलाइव' से वापसी की। दिलचस्प बात ये है कि उनके इस नए शो ने इंटरनेट पर धूम मचाकर रख दी है।

***24 घंटे में मिले करोड़ों व्यूज*** :'स्टिल अलाइव' को कॉमेडियन के यूट्यूब चैनल पर 7 अप्रैल को रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो ने 24 घंटे के अंदर 2.20 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल करते हुए भारतीय यूट्यूब कॉमेडी के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वीडियो ने यूट्यूब पर 2.40 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो उनके अभी तक किसी भी वीडियो को मिले व्यूज के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं।



***'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का दिया संकेत*** : 'स्टिल अलाइव' के जरिए रैना ने फैंस को अपने मुश्किल वक्त की दास्तां सुनाई है। शो के आखिर में वह भावुक भी हो गए और 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवाद के बाद अपने संघर्ष का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक वीडियो की वजह से उन्हें लोगों की ट्रोलिंग और धमकियों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, फैंस उस वक्त खुश हो गए, जब उन्होंने वीडियो के आखिर में 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का संकेत दिया।

## सनी देओल की नई फिल्म 'लखन', वही गुस्सा; वही पावर और 'सीटी-मार' एक्शन का नया डोज

**मुंबई।** 'गदर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी अगली एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए 'किल' के निर्देशक निखिल नागेश भट्ट के साथ हाथ मिलाया है, जिसका नाम 'लखन' रखा गया है। सनी एक बार फिर अपने धाकड़ अवतार से दर्शकों को मनोरंजित करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म की शूटिंग के लिए कमर कस चुके हैं।

### सिनेमाघरों में फिर बजेंगी सीटियां

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लखन' में सनी का वही पुराना और रौद्र रूप लौटने वाला है। इस फिल्म को एक भव्य एक्शन एंटरटेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें



रोंगटे खड़े कर देने वाले एक्शन सीक्वेंस और दमदार डायलॉग्स की भरमार होगी। फिल्म में कई ऐसे दृश्य होंगे, जो दर्शकों को सिनेमाघरों में झूमने पर मजबूर कर देंगे। निर्देशक ल्म के जरिए सनी को फिर उनके पूरे 'एक्शन मोड' में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

फिल्म के निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्टिंग, एक्शन डिजाइन और प्री-प्रोडक्शन का काम काफी तेज गति से चल रहा है। एक सूत्र ने खुलासा किया, ये एक बड़े स्तर की एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जो हाई-एनर्जी और दर्शकों को खुश करने वाले पलों से भरपूर होगी। इसमें सनी देओल के कई ऐसे सीक्वेंस होंगे, जिन्हें देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।


### एक में 'लखन' और 'रामायण' में हनुमान बनेंगे सनी

एक तरफ जहां सनी अपनी फिल्म 'लखन' से एक्शन के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वो नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी फिल्म 'रामायण' को लेकर भी चर्चा में हैं। ये महागाथा 2 भागों में रिलीज की जाएगी, जिसमें सनी 'भगवान हनुमान' के बेहद शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर (राम), साईं पल्लवी (सीता), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) जैसे दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए अप्रैल महीने में उत्सव

# रामचरण का टशन और अक्षय की कॉमेडी, इन फिल्मों पर टिकीं सबकी निगाहें

*__मुंबई।__ अप्रैल का महीना भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' के साथ हंसी का तड़का लगेगा, तो वहीं ग्लोबल स्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' से एक्शन का तूफान आएगा। अप्रैल यानी इस महीने कुल 7 ऐसी बड़ी फिल्में दर्शकों के बीच होंगी, जिन पर दर्शकों और ट्रेड पंडितों की पैनी निगाहें टिकी हुई हैं।*



### 'डकैत' और 'लव इंश्योरेंस कंपनी'

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत 'डकैत' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। ये मूल रूप से तेलुगू फिल्म है, जिसे बड़े स्तर पर हिंदी में भी रिलीज किया गया है। 'डकैत' के साथ ही निर्देशक विग्नेश शिवन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' भी रिलीज हुई है, जिसमें प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'लव टूडे' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद प्रदीप रंगनाथन फिर अपने अनूठे अंदाज में लौट आए हैं।

### 'भूत बंगला'

सिनेमा प्रेमियों के लिए 17 अप्रैल की तारीख भी बेहद खास होने वाली है, क्योंकि इस दिन 'भूत बंगला' के साथ बॉलीवुड की सबसे सफल जोड़ियों में से एक अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन पूरे 14 साल के लंबे इंतजार के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित ये फिल्म हॉरर-कॉमेडी जॉनर की है, जिसमें अक्षय दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ डराएंगे भी। राजपाल यादव और परेश रावल भी इसका हिस्सा हैं।

### 'पेड्डी'

आरआरआर की वैश्विक सफलता के बाद राम चरण फिर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और शारीरिक कायाकल्प से दर्शकों को हैरान करने आ रहे हैं। इस फिल्म में वो एक पहलवान की भूमिका में हैं। जाह्नवी कपूर फिल्म की हीरोइन हैं। ये फिल्म भी 30 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राम चरण का अलग अवतार पहले ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है।

### 'कारा' और 'केडीः द डेविल'

उधर 30 अप्रैल को आ रही 'कारा' एक ऐसी क्राइम एक्शन थ्रिलर है, जिसमें धनुष की कलाकारी और विग्नेश राजा की बेहतरीन रोमांचक मेकिंग का तालमेल दिखेगा। 'रायन' के बाद धनुष की इस फिल्म पर पूरे दक्षिण भारतीय सिनेमा की नजरें टिकी हुई हैं। दूसरी ओर कन्नड़ इंडस्ट्री अपना अगला बड़ा पैन-इंडिया दांव 'केडीः द डेविल' के रूप में चलने जा रही है। फिल्म में ध्रुव सरजा और बॉलीवुड से संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं।